प्रो. आलोक कुमार राय
कुलपति
Prof. Alok Kumar Rai
Vice-Chancellor

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

संदेश

भारत में उच्च शिक्षा सर्वसुलभ हो, इस स्वप्न को वास्तविकता में परिणित करने हेतु तथा शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नवीन आयाम जोड़ने हेतु शताधिक वर्षीय लखनऊ विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम LUCODE का शुभारम्भ फरवरी 2024 से कर दिया है। गुणवत्ता परक शिक्षा का हमारा ध्येय अदम्य अबाधित है और इसी क्रम में B.Com. तथा M.Com. कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रारंभ किये जा रहे हैं, जो कि सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित हैं। इसका पाठ्यक्रम रेगुलर पाठ्यक्रमों जैसा ही है तथा यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त है।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सम्पूर्ण भारत देश के सभी नागरिक आवेदन कर सकेंगे तथा कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं रहेगी। जो छात्र किसी कारणवश रेगुलर रूप से विश्वविद्यालय नहीं आ सकते, उनके लिए यह पाठ्यक्रम विशेष महत्व का है। आने वाले समय में विश्वविद्यालय अन्य पाठ्यक्रमों जैसे कि अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिये यू०जी०सी० में आवेदन करने वाला है।

भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन को सार्थकता प्रदान करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी तथा विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ तथा वीडियो हमारे योग्य एवम् कुशल शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा, उनकी समस्यायों और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन ही किया जाएगा। एसाइनमेंट भी ऑनलाइन होगा। छः माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा हेतु ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा, जो की कागज कलम के माध्यम से होगी।

मैं, सत्र 2024-25 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ करने के अवसर पर LUCODE टीम तथा समस्त विश्वविद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(प्रो० आलोक कुमार राय)

Telephones : 0522-2740467 (O) 0522-2740462 (R) Fax : 0522-2740467 (O), 9415684935 (M), Email: vc@lkouniv.ac.in